एकल परिवारों में जिसमें माता—पिता दोनों कामकाजी है सामान्यत: अपने बच्चों की देखभाल के लिए सहायक रखा जबकि संयुक्त परिवारों में ऐसा प्राय: कम देखा गया। बच्चों की देखभाल के लिए पति—पत्नी के बीच सामंजस्य ही कामकाजी माता—पिता में बच्चों के पालन—पोषणका मुख्य आधार देखा गया है। एकल परिवारों में कुछ दंपत्तियों में से पत्नियों ने बच्चों की देखभाल के लिए नौकरी छोड़ दी।

बच्चों की उचित देखभाल के अभाव में कामकाजी महिलाओं के अभाव में सर्वाधिक द्वन्द्व पाया गया। व्यक्तिगत देखभाल की आवश्यकता हो तथा घर में कोई अन्य सदस्य न हो। उन्हें बच्चों को नौकर या आया के संरक्षण में छोड़ना पड़ता है। बच्चों की उचित देखभाल के सम्बन्ध में एकांकी परिवार की महिलाएँ अधिक असुंष्ट एवं चिन्तित पाई गई। किन्तु जिन महिलाओं के बच्चे बड़े हो गये वे अपने को अधिकतर स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर ही समझते हैं। कुछ ही अपने को उपेक्षणीय मानते हैं। अत: यहाँ हम आशा रानी बोहरा से सहमति पाते हैं— नौकरी से बच्चों में आत्मनिर्भरता एवं आत्म विश्वास की भावना पनपती है।''

कामकाजी माताएं यह भी मानती है कि बच्चों में स्नेह जताने या अच्छी शिक्षा देने के लिए अधिक समय की जरूरत नहीं है। आप कितना समय देती हैं इसका नहीं, कैसे देती है, इसका महत्त्व है। अगर ऐसा होता तो घर में रहने वाली सभी माताओं के बच्चे अधिक सुसंस्कृत एवं होशियार ही होते। कामकाजी माताएँ कम समय होने पर भी बच्चों की पढ़ाई लिखाई का पूरा ध्यान रखती हैं। कामकाजी परिवारों में अधिकांश समस्या छोटे बच्चों के पोषण और मानसिकता में देखा गया है। बच्चे खुद को अकेला महसूस करते हैं। जिस कारण उनमें हिंसा की भी प्रवृति उत्पन्न हो जाती है। वह माता—पिता से दूर और फोन, टी.भी के समीप ज्यादा होते हैं। इसके विपरीत संयुक्त परिवारों में यह घटना कम देखने को मिलती है।

उपयुक्त प्राप्त तथ्यों से कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य निकलकर आते हैं। जिससे हम इस प्रकार देख सकते हैं।

१. बच्चों की देखभाल करना संयुक्त परिवारों की अपेक्षा एकल परिवारों में ज्यादा कठिन रहता है।
२. बच्चों की देखभाल के लिए एकल परिवार के कामकाजी अभिभावकों ने सामान्यत: सहायक रखे है।।
३. बच्चों के दादा—दादी, चाचा—चाची का सहयोग संयुक्त परिवारों में ज्यादा मिलता है।
४. एकल परिवारों में बच्चों की देखभाल के मध्य सामंजस्य है।

इस तरह पूर्व अध्ययनों एवं इस आलेख के माध्यम से यह पता चलता है कि समाज में नयी बदलती सामाजिक—आर्थिक परिस्थितियों में बच्चों की देखभाल एक नवीन चुनौती लेकर खड़ी हुई है।। यह समस्या केवल बच्चों की पालन—पोषण तक ही सीमित नहीं है। यह इन बच्चों के स्वस्थ शारीरिक—मानसिक विकास, उनके युवा होते व्यक्तित्व के सद्मार्गी होने के साथ परिवार एवं संतुलित समाज के समक्ष भी चुनौती के रूप में देखा जा रहा है।

निष्कर्ष :—

निष्कर्षत: : दोहरे कामकाजी अभिभावकों वाले एकल परिवारों के माता—पिता एवं उनके बच्चों की देखभाल, पालन—पोषण एक महत्त्वपूर्ण

चुनौती के रूप में उभर कर दिखाई पड़ रही है। तथा इसके निवारन के लिए परिवार में सामंजस्य व्यवस्था अपनानी चाहिए। कामकाजी माताओं को समय–समय पर अवकाश की व्यवस्था होनी चाहिए। कामकाजी माता–पिता को जो भी समय अपने बच्चों को देना चाहिए उसमें वो बच्चों को सामाजिक ज्ञान और अच्छी–अच्छी बातें बतानी चाहिए। माताओं को बच्चों के भोजन पर विशेष ध्यान देना चाहिए कि जो भोजन वो बच्चों को दे रही है उसमें कितनी पोषण तत्त्व किस मात्रा में है। इन सभी बिन्दुओं पर ध्यान देना जरूरी है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

१. रानी काला, १९७६, रोल कॉफ्लिक्ट इन वर्किंग वूमेन।

२. कोनानटम्बिगी, रजनी एम २००७ डे केयर फार यंग चिल्ड्रेन इन इंडिया इस्यू' एण्ड प्रॉस्पेक्टस।

३. कपूर, रामा, १९६९, 'रोल कान्फ्लिक्ट एण्ड कॉपिंग, बिहेवियर ऑफ मैरिड वार्किंग वूमने पार्टिनिका जे० सोशल साइन्स एण्ड ह्यूमन, वाल्यूम ३, पृ० ९७–१०४

४. राजाधयाक्क्षा, यू० अखन, २००९ वर्क फेमिली कॉनफ्लिक्ट इन टर्म ऑफ कमपाराटिव स्टडी औफ मेन एण्ड वूमेन, डिजरटेशन एकेडमी ऑफ मैंनेजमेंट एननुअंल मीटिंग।

५. वाल्क रेइमेरा एण्उ श्रीनिवासन, वासन्थी, २०११, ''वर्क फैमिली बैलेन्स ऑफ इंडियन सॉफ्टवेयर प्रोफेसर'' आई०आई० बी०एम० मैंनेजमेंट रिव्यूय ०३.२०११

६. कॉजी मर्गेक्स, २०१२ ''कान्फ्लिक्ट रोल्स: बैलेसिंग फेमिली एण्ड प्रोफेसनल लाइफ ए चैलेंज ऑफ वर्किंग वूमेन, मास्टर थेसिस स्प्रिंग २०१२, लिनेयूस यूनिवर्सिटी स्वीडन।

७. अहमद, अमीनाह २००८, ''जॉब फेमिली एण्ड इन्डभ्व्यूजवल फैक्टर्स' एस प्रीडिक्टर्स'' जनरल ऑफ ह्यमन रिसोर्स एण्ड एडल्ट लर्निंग, वाल्यूम प, पू० १३० ।

८. राथो, स्नेहनी मेडली २०१२, दी सिक रोल कान्फ्लिक्ट'' सोशियोलॉजी इन फोकस।

९. आशारानी वोहरा : भारतीय नारी : अस्मिता और अधिकार, प्रथम संस्करण, १९८६

१०.कपूर, प्रमिला, भारत में विवाह एवं कामकाजी महिलाएं विकास पब्लिकेशन्स, १९७०

११.सिंह, बी०एन० आधुनिकता एवं नारी सशक्तिकरण, रावत पब्लिकेशन्स, २०१०

१२. माथुर, दीपा : वुमन, फैमिली एण्ड वर्क, रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर, १९९२

International Journal of Advance and Applied Research
www.ijaar.co.in
ISSN – 2347-7075 Impact Factor – 7.328
Peer Reviewed Bi-Monthly
Vol.4 No.4 Jan – Feb 2023

बालकों के शैक्षणिक विकास में सामाजिक—आर्थिक कारकों की भूमिका

सुलोचना कुमारी
शोधार्थी गृह विज्ञान विभाग एल०एन०एम०यू०, दरभंगा।
***Corresponding Author-* सुलोचना कुमारी**
Email: sulochnakumari324@gmail.com
DOI- 10.5281/zenodo.7648108

सारांश :—
बच्चों के शैक्षणिक विकास में सामाजिक—आर्थिक वातावरण का बहुत बड़ा योगदान होता है। आज हमारा देश काफी उन्नति कर चुका है, परन्तु आज भी यहाँ के समाज में बच्चों को सामाजिक आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एक योग्य शिक्षक शैक्षणिक विकास के कारणों को बालक के वातावारण में ढूंढ़ते हैं इसका तात्पर्य यह नहीं है कि शैक्षणिक विकास में अनुवांशिकता का प्रभाव किसी तरह से कम होता है। सामान्य रूप से बालक अनुवांशिकता से ही बुद्धि का एक विशेष स्तर तथा विभिन्न मानसिक योग्यताएँ लेकर उत्पन्न होता है। इनमें अच्छा वातावरण देकर केवल एक सीमा तक ही उन्नति की जा सकती है। परन्तु शिक्षा का प्रयोजन वातावरण में सुधार कर के बालक के शैक्षणिक विकास को प्रोत्साहित करना है। भारत के आर्थिक विकास में शिक्षा का योगदान महत्वपूर्ण है, हालांकि अत्यंत सूक्ष्म रूप से इसे आकलित नहीं किया गया है तथापि शिक्षा का सामाजिक विकास में योगदान सार्थक पाया गया। जन्म दर, शिशु मृत्यु दर, निर्धनता में कमी, आयु प्रत्याशा, जीवन स्तर तथा आय वितरण में सुधार शिक्षा के कारण संभव हो रहा है। आर्थिक विकास पर विशिष्ट मानवीय पूँजी के संख्यात्मक प्रभाव से संबंधित अत्यंत कम आनुभविक अध्ययन उपलब्ध हैं, फिर भी यह कहा जा सकता है कि मानवीय पूँजी में निवेश की प्रत्याय दरें और अधिक ऊँची हो सकती हैं, यदि (अ) नियोजक, शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीरतापूर्वक ध्यान दें, तथा (ब) शैक्षणिक नियोजन को आर्थिक नियोजन, निर्धनता उन्मूलन तथा आर्थिक विकास के साथ समायोजित किया जाए। यह पाया गया कि भारत में अभी भी मानवीय पूँजी में निवेश से पर्याप्त लाभ प्राप्त नहीं किए गए हैं तथा भविष्य में उन्हें प्राप्त करने की पर्याप्त संभावना है।

कुंजी :— शैक्षणिक विकास, समाज, अर्थव्यवस्था, वातावरण, योग्यता।

प्रस्तावना :— शिक्षा और समाज में गहरा संबंध है। एक ओर शिक्षा, परम्परा की धरोहर को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुँचाती है और इस तरह संस्कृति की निरंतरता बनाए रखने में सहायक होती है, दूसरी ओर पारिस्थितिकी परिवर्तन उसे अनुकूलन का साधन बनने की प्रेरणा देते हैं। अपने इस पक्ष में शिक्षा, परिवर्तन का माध्यम बनती है। यह परिवर्तन की दिशा—निर्धारित कर उसके वैकल्पिक प्रतिरूप प्रस्तुत करती है, प्राविधिक साधन जुटाती है और नवाचारों के लिए भावभूमि निर्मित करती है। शिक्षा के ये दोनों प्रकार्य महत्त्पूर्ण हैं, क्योंकि परंपरा की उपेक्षा यदि समाज को धुरीहीन बनाती है तो परिवर्तन की अस्वीकृति या मंदगति सांस्कृतिक पक्षाघात प्रमाणित हो सकती है। वैकल्पिक भविष्य की परिकल्पनाओं को साकार करने के लिए इन दोनों प्रकार्यों की भूमिका महत्त्वपूर्ण है।

गर्भावस्था से ही बच्चों का मानसिक तथा शारीरिक विकास आरंभ हो जाता है। इस अवस्था में गर्भवती को उचित पोषण देकर बच्चें के मानसिक स्तर को उन्नत किया जा सकता है। मानसिक विकास की गति में भी व्यक्तिगत विभिन्नताएं पायी जाती है। साथ में इसके आस—पास के वातावरण के कारण भी उसके शैक्षणिक विकास में विभिन्नताएं पायी जाती है। स्वस्थ पोषण एवं स्वस्थ वातावरण से बच्चों का विकास अच्छा हो सकता है। इस संदर्भ में अरस्तू का कथन है कि "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है"। पी. डी. पाठक के अनुसार उच्च सामाजिक स्थिति वाले परिवार के बच्चे की बुद्धि की मौखिक और लिखित परीक्षाओं में निम्न सामाजिक स्थिति वाले परिवार के बच्चे की बुद्धि की मौखिक और लिखित परीक्षाओं मे निम्न विकास

को बहुत हद तक प्रभावित करती है। अगर बच्चों के सही पोषण और सामाजिक आर्थिक पहलुओं पर ध्यान दिया जाए तो उनके विकास को सही दिशा मिलेगी। अत: कहा जा सकता है कि बच्चों के शैक्षणिक विकास की समस्या विकास का महत्वपूर्ण पहलू है जो सीधे—सीधे देश व समाज के विकास से संबंधित है। मनोवैज्ञानिक द्वारा पूर्व में भी बालकों के शैक्षणिक विकास के क्रम में सामाजिक आर्थिक प्रभावों का अध्ययन किया गया है एवं अन्तर भी दिखाया गया है। वर्त्तमान मे अच्छे सामाजिक—आर्थिक स्तर के परिवारों में बच्चों के शैक्षणिक विकास में समस्याएँ देखी जा रही है।

समाज का प्रमुख आधार मनुष्य होता है। जब तक मनुष्य को शिक्षा के माध्यम से उसकी अन्तर्निहित शक्तियों से अवगत न कराया जाये तब तक उसका शारीरिक, मानसिक, नैतिक आध्यात्मिक विकास सम्भव नहीं है। बालक के सर्वांगीण विकास के अभाव में समाज की नींव एवं व्यवस्था सुदृढ़ नहीं हो सकती क्योंकि शिक्षा जीवन को व्यवहारिक धरातल प्रदान करती है और प्रत्येक मनुष्य के जीवन की सच्चाइयों को उजागर करती है। प्रत्येक व्यक्ति का प्रसंग आते ही सदियों से उपेक्षित, शोषित जातियों की ओर ध्यान जाना स्वाभाविक है जिसने जाति भेद की समस्या को जन्म दिया। जाति भेद की समस्या का सूत्रपात वैदिक कालीन समाज व्यवस्था से प्रारम्भ होता है। वर्ण व्यवस्था का जब कोई नाम लेता है तो वेदों, पुराणों, स्मृतियों में अंकित सीमित अधिकारों की ओर ध्यान अनायास ही आकर्षित हो जाता है क्योंकि मानव की समस्त स्वाभाविक शक्तियों का पूर्ण, प्रगतिशील विकास ही शिक्षा है। यदि शिक्षा के गौरवपूर्ण इतिहास पर दृष्टिपात करें तो ज्ञात होता है कि भारतीय शिक्षा का इतिहास अत्यन्त प्राचीन है इसकी प्राचीनता एवं विद्वता का प्रमाण मनुस्मृति से ज्ञात है।

हमारे दैनिक जीवन के हर कार्य को करने के लिए किसी न किसी प्रकार के शिक्षा और ज्ञान की आवश्यकता होती है। अत: हमारे जीवन में इनका इस्तेमाल हर रोज होता है। यह हो सकता है कि उनके स्वरूपों को हम नहीं पहचानते हों, क्योंकि उनका प्रयोग हम अलग—अलग नहीं करते हैं। इस इकाई को प्रभावी तौर से समझने के संदर्भ में आपके उन अनुभवों का विशेष महत्व है।

शिक्षा शब्द का बहुत ही सीधा—सादा और सरल अर्थ है— सीखना, सिखाना। परंतु अपने लक्ष्यों, सीखने—सिखाने की प्रक्रियाओं, कार्यों, अपेक्षाओं, प्रभावों और वास्तविकताओं के परिप्रेक्ष्य में यह एक बहुत ही व्यापक और साथ ही, जटिल प्रक्रिया है। इसे एक उद्देश्यपूर्ण प्रक्रिया माना जाता है, परन्तु इसके उद्देश्यों का स्वरूप इतना उलझा हुआ और अस्पष्ट रहता है कि अंतत: यह एक उद्देश्यहीन प्रक्रिया बन कर रह जाती है। जहां इससे एक ओर इतिहास की धरोहर को संभाले रखने की अपेक्षा की जाती है, वहीं दूसरी ओर, माना जाता है कि यह वर्तमान का पथ आलोकित करे परन्तु इसकी दृष्टि किसी अज्ञात पथ की ओर हो, यानि इसका स्वरूप भविष्यद्रष्टा हो। इसी प्रकार जहां एक ओर इसे व्यक्ति के विकास के सशक्त माध्यम के रूप में देखा जाता है, वहीं सामाजिक विकास का साधन भी यही माना जाता है। एक ओर इसे अपने आस पास की भौगोलिक परिस्थितियों से जोड़ने का प्रयास किया जाता है, तो दूसरी ओर, अंतर्राष्ट्रीय समझ, सहयोग व शांति की जिम्मेदारी भी इसी के कंधे पर रहता है।

वस्तुत: शिक्षा के क्षेत्र की दिशाएं व धाराएं इतनी व्यापक एवं बहु आयामी हैं कि इन्हें किसी एक दिशा व धारा में बांधना अथवा परिभाषित करना कठिन है। प्रत्येक समाज अपनी अपेक्षाओं, अपने लक्ष्यों अथवा जीवन—दर्शन के अनुसार इसे परिभाषित करता है। इस प्रकार मानव की प्रकृति, क्षमताओं अथवा योग्यताओं के स्वरूप अथवा उनसे की जाने वाली अपेक्षाओं के अनुकूल भी इसे परिभाषित करने का प्रयास किया जाता है।

कोई शिक्षा को अत्यंत व्यापक दृष्टि से देखता है, तो कोई अत्यंत संकुचित दृष्टिकोण से वास्तव में प्रत्येक व्यक्ति जीवन के उद्देश्यों को अपने दृष्टिकोण से देखने का प्रयास करता है। उसका जीवन के प्रति यह दृष्टिकोण अपने अनुभवों पर निर्भर करता है। शिक्षा जीवन के इन उद्देश्यों को प्राप्त करने का साधन माना जाता है। मनुष्य जन्म से अंत तक कुछ न कुछ सीखता ही नहीं सिखाता भी रहता है। वह प्रतिक्षण नए—नए अनुभव प्राप्त करता व करवाता रहता है जिससे उसका दिन—प्रतिदिन का व्यवहार भी प्रभावित होता रहता है। उसका यह सीखना व सिखाना विभिन्न समूहों, उत्सवों,

पत्र—पत्रिकाओं, दूरदर्शन आदि से अनौपचारिक रूप में होता है।

इस प्रकार सीखना व सिखाना अनौपचारिक सीखना व सिखाना कहलाता है तथा यही शिक्षा का व्यापक अथवा विस्तृत अर्थ है। जब बच्चा औपचारिक कक्षाओं में निश्चित समय में निश्चित पाठ्यक्रम को पढ़कर अनेक परीक्षाओं को उत्तीर्ण करके सीखता है, तब उसे औपचारिक शिक्षा कहते हैं। इसे शिक्षा का संकुचित अर्थ माना जाता है।

निष्कर्ष :— यहां यह भी स्पष्ट है कि शिक्षा, समाज में चलने वाली समाज के लिए व समाज के द्वारा ही निर्धारित होने वाली प्रक्रिया है। और, समाज परिवर्तनशील एवं गतिशील है। अत: शिक्षा भी एक गतिशील व परिवर्तनशील प्रक्रिया मानी जाती है। यही कारण है कि शिक्षा को किसी अंतिम रूप में परिभाषित नहीं किया जा सकता। तथापि कुछ सामान्य प्रवृतियों के आधार पर इसे परिभाषित किया गया है। ये परिभाषाएं वैयक्तिक, सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, आदि दृष्टियों से भिन्न—भिन्न संदर्भो में की गई है। दूसरे शब्दों में इसे इस प्रकार भी कहा जा सकता है कि सामान्य तौर पर शिक्षा की व्याख्या अथवा स्पष्टता अपने—अपने अनुभवों पर आधारित विभिन्न चिंतनधाराओं, विचारधाराओं के परिप्रेक्ष्य में की जाती रही है। एक ही समय में अलग—अलग विचारधाराओं के कारण शिक्षा के स्वरूप को निश्चितरूप से एक बंधे—बंधाए ढांचे में नहीं बांधा जा सकता। यही कारण है कि विभिन्न विचारकों के अनुसार शिक्षा को किसी एक निश्चित परिभाषा में नहीं ढाला जा सकता अपितु अलग—अलग प्रकार से इसकी व्याख्या भी अलग—अलग परिप्रेक्ष्यों में अनेक प्रकार से की गई है। कहीं इसे शब्दार्थ की दृष्टि से, तो कहीं इसे लक्ष्यों, कार्यो, प्रक्रियाओं, अथवा सीमाओं की दृष्टि से स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है। इस सबके बाद भी इतना सा लगभग निश्चित है कि यह एक उद्देश्यपूर्ण प्रक्रिया है। यद्यपि इसका कोई अंतिम रूप निर्धारित नहीं किया जा सकता तथापि प्रत्येक समाज अपनी भावी पीढ़ी व समाज के विकास के परिप्रेक्ष्य में इसका रूप निर्धारित करते रहने का प्रयास निरन्तर करते रहता है।

सम्पूर्ण जनसंख्या को तीन वर्गों में बाँटा जा सकता है— उच्च वर्ग, मध्यम वर्ग एवं निम्न वर्ग। उच्च वर्ग के अन्तर्गत संपन्न जमींदार सेठ—साहुकार बिना कमाए बड़ी संपत्ति और धन के मालिक इत्यादि होते हैं मध्यम वर्ग में नौकरी पेशा या व्यवसायी आते हैं जिनकी आमदनी से किसी प्रकार खर्च चलता है। निम्न वर्ग में ऐसे लोग आते हैं जो कठिन शारीरिक श्रम द्वारा अपर्याप्त जीविका प्राप्त करते हैं। प्रत्येक वर्ग में ऊँचे नीचे लोग हो सकते हैं। अभिभावक के सामाजिक—आर्थिक स्तर का व्यापक प्रभाव बच्चों के व्यक्तित्व पर पड़ता है। ड्कर एवं रेमर्स (१९५२) ने उच्च विद्यालय के १००० विधार्थियों के व्यक्तित्व संबंधी समस्याओं को निर्धारित किया और इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि उच्च आर्थिक स्तर के विधार्थियों की अपेक्षा निम्न आर्थिक स्तर के विधार्थियों की ५० प्रतिशत व्यवहार समस्याएँ अधिक थी। सिम्स (१९५४) ने उच्च विद्यालय और महाविद्यालय के विधार्थियों से पूछा कि वे मध्यवर्ग के हैं या श्रमिकवर्ग के हैं। विधार्थियों द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर ही उनका वर्गीकरण किया, फिर उनकी सामंजस्य समस्याओं की जाँच की। देखा गया कि श्रमिक वर्ग के विधार्थियों में सामजस्य समस्या अधिक थी। रिपिंगकर (१९३८) के अनुसार प्रत्येक सामाजिक आर्थिक वर्ग में बाल—पोषण पद्धति एक विशेष ढंग की होती है। निम्नवर्ग में प्रधानत: स्तनपान द्वारा बाल—पोषण होता है, जबकि ऊँचे वर्ग में बोतल से दूध पिलाकर बच्चे का पोषण किया जाता है। निम्न वर्ग में ऊँचे वर्ग की अपेक्षा शौच प्रशिक्षण सहज और आसान होता है निम्न वर्गीय माताएँ अपने बच्चों के साथ उतना समय नहीं देती हैं। जितना ऊँचे वर्ग की माताएँ देती हैं ये सभी भेद व्यक्तित्व को प्रभावित करते हैं। सिर्स मेकोबी एवं लेबिन (१९५७) के अध्ययन से पता चलता है कि श्रमिकवर्ग की माताएँ अपने बच्चों को अधिक प्रतिबन्धों में जकड़ती हैं और उच्चवर्गीय माताएँ अधिक अनुज्ञापक (चमतउपेपअम) होती हैं। रिजेन (१९५६) ने देखा कि मध्य और उच्च वर्ग के बच्चों की आवश्यकता निम्नवर्गीय बच्चों से ऊँची होती है। इसलिए वे समाज में अपना स्थान क्रमश: ऊँचा करते जाते हैं।

बालक समाज में रहता है जिसके मानदण्ड सम्बन्ध, परम्पराएं, मान्यताएं आदि अप्रत्यक्ष रूप से बालक के विकास को प्रभावित करते हैं। बालक जिस प्रकार के समाज में रहता है उसका सामाजिक विकास वैसा ही होता है। साधारणत: उच्चवर्गीय परिवार में बालकों की रूचियाँ विस्तृत होती है क्योंकि उनके पास संसाधन अधिक होने से विचारों एवं

गतिविधियों को विस्तारित करने के अवसर अधिक उपलब्ध होते हैं जबकि एक गरीब परिवार जो कि शिक्षा के प्रति अति सम्मान रखता है अपने बच्चों को अधिगम के अवसर देने के लिये त्याग भी कर सकता है उनके बच्चों की रूचियाँ संकुचित होती है। सामाजिक—आर्थिक स्थिति उनकी शैक्षिक उपलब्धि में बाधक साबित होती है।

पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, अभिभावकों की जागरूकता ये सभी विद्यार्थी को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों रूपों से उसके शिक्षण कार्य को प्रभावित करता है तथा शैक्षिक अभिप्रेरणा से विद्यार्थी और उनकी उपलब्धि प्रभावित होती है। इन सभी के द्वारा उनके जीवन काल में अनेक प्रकार की उपलब्धियाँ प्राप्त की जाती हैं वह शैक्षिक उपलब्धि कहलाती है। शैक्षिक उपलब्धि को मुख्य रूप से विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों में आंका जा सकता है। यह विद्यार्थियों की स्वयं की योग्यताओं पारिवारिक वातावरण, सामाजिक—आर्थिक स्थिति, शैक्षिक अभिप्रेरणा तथा अभिभावकों की जागरूकता से प्रभावित होती है।

संदर्भ सूची :—

१. अरोड़ा, रीता — "शिक्षा मनोविज्ञान एवं सांख्यिकी", शिक्षा प्रकाशन, जयपुर, २००५

२. अग्रवाल, डॉ. संध्या — "शिक्षा मनोविज्ञान", विजय प्रकाशन मंदिर, वाराणसी, संस्करण—२००५

३. आहुजा, राम — "सामाजिक अनुसंधान", रावत पब्लिकेशन, नई दिल्ली, २००७

४. अग्निहोत्री, आर. — "आधुनिक भारतीय शिक्षा संस्थाएँ और समाधान", राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, १९८७

५. बेस्ट जान डब्ल्यू. — "रिसर्च इन एजुकेशन", दिल्ली प्रिंटिंग्स हॉल प्रा. लि., १९६३

६. भटनागर, ए.बी., मीनाक्षी, अनुराग — "शिक्षण अधिगम का मनोविज्ञान", आर. लाल. बुक डिपो, मेरठ, २००५

७. भटनागर, आर.पी. एवं अन्य — "शिक्षा अनुसंधान", इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाउस, मेरठ

८. भटनागर, सुरेश — "अधिगम एवं विकास के मनोसामाजिक आधार", इंटरनेशनल पब्लिशिंग हाऊस, मेरठ, २००५

९. भाग्य, निर्मला — "शिक्षा में मूल्यांकन के सिद्धांत और प्रविधियां", राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर

१०. भार्गव, महेश — "आधुनिक मनोवैज्ञानिक परीक्षण एवं मापन", हर प्रसाद भार्गव शैक्षिक प्रकाशन, आगरा, १९९२

११. हैनरी ई. गैरेट — "शिक्षा व मनोविज्ञान में सांख्यिकी के प्रयोग", कल्याणी पब्लिशर्स, पंजाब

International Journal of Advance and Applied Research
www.ijaar.co.in
ISSN – 2347-7075 Impact Factor – 7.328
Peer Reviewed Bi-Monthly
Vol.4 No.4 Jan – Feb 2023

"गणपतरावजी देशमुख यांचे दुष्काळी भागातील योगदान - एक विकासात्मक अभ्यास"

Dr. Ghantewad.M.T[1] Mr.Wakade Ashok Kisan[2]
[1] (Dept.of Political Science,Research Guide V.K.M. Solapur)
[2](SET, Political Science)
Corresponding Author- **Mr.Wakade Ashok Kisan**
Email: ashokwakade23@gmail.com
DOI- 10.5281/zenodo.7648119

प्रस्तावना

महाराष्ट्र राज्याची निर्मिती 1 मे 1960 रोजी झाली त्याअगोदर महाराष्ट्राचा फारसा विकास झालेला नव्हता महाराष्ट्र राज्याचा बरासा भाग हा दुष्काळी, निरक्षर,बेरोजगारी,दळणवळणची साधन नसणारा दुर्गम होता.महाराष्ट्राच्या विकासाला चालना देण्यासाठी शेतीला मोठ्या प्रमाणात प्राधान्य दिले पाहिजे .शेतीला हक्काचे पाणी नाविन्यपूर्ण तंत्रज्ञान जैविक शेती सरकारचे अनुदान मोठ्या प्रमाणात मिळाले पाहिजे. त्याचबरोबर ज्या घटकांना अनुदान पोहोचवण्यासाठी सरकारचे अंमलबजावणी करणारी यंत्रणा महत्त्वाचे असते ती सक्षम असणं गरजेचे आहे. महाराष्ट्र राज्याच्या विकासामध्ये अनेक दिग्गज थोर राजकारणी,समाज सुधारकांचे, शिक्षण तज्ञांचे योगदान आहे. महाराष्ट्राचा विकास हवा असेल तर तेथील शेतकऱ्यांनी पावसाच्या पाण्यावर अवलंबून न राहता पाणी साठवून ठेवून शेती केली पाहिजे. ज्या भागांमध्ये मोठ्या प्रमाणात पाऊस पडतो त्या भागातील पाणी दुष्काळग्रस्त पट्ट्यामध्ये वळवले पाहिजे व शेतीला पाणी मिळवून दिले पाहिजे .त्याचबरोबर शेतीला जोडधंदा म्हणून मोठ्या प्रमाणात उद्योगधंदे उभे केले पाहिजे. उदा. शेळीपालन, कुकूटपालन .शिवाराला पाणी मिळाले तर शेती फुलेल आणि देश अन्नधान्य बाबी बाबतीत स्वयंपूर्ण होईल हे ओळखून सांगोला तालुक्यामध्ये जलक्रांतीचे महामेरू शेतकरी कामगार पक्षाचे नेते भाई गणपतराव देशमुख यांनी उभ्या आयुष्यामध्ये शेतीसाठी पाणी व दुष्काळग्रस्त भागांसाठी काम केले कुटुंबामध्ये कोणताही राजकीय वारसा नसताना राजकारणामध्ये शून्यातून विश्व निर्माण केले, एकाच पक्षांमध्ये, एकाच मतदारसंघांमध्ये, एकाच झेंड्याखाली, लोकप्रतिनिधित्व करण्याचे भाग्य भाई गणपतराव देशमुख यांना लाभले .1962 ते 2019 यापर्यंत भाई गणपतराव देशमुख यांनी सांगोला विधानसभा मतदारसंघांमध्ये लोकप्रतिनिधित्व केले. 1962 ते 2019 पर्यंत दोन अपवाद वगळता त्यांनी सर्व मुख्यमंत्र्यांबरोबर काम केले आहे. त्यांचं अनेक पक्षाबरोबर सलोख्याचे संबंध होते ,सांगोला तालुक्यामध्ये सामाजिक, आर्थिक ,धार्मिक ऐक्य राखण्याचे काम भाई गणपतराव देशमुख यांनी मोठ्या प्रमाणामध्ये केले.त्यांनी कधी जातीय राजकारणाला थारा दिला नाही, समाजातील सर्व स्तरांना एकत्र घेऊन त्यांनी राजकारण केलं

उद्देश

1) गणपतरावजी देशमुख यांचा दुष्काळग्रस्त भागातील योजनांचा अभ्यास करणे.

2) कायमचा दुष्काळ हटविण्यासाठी गणपतरावजी देशमुख यांचे जलसिंचन विषयक विचार अभ्यासणे .

3) महाराष्ट्रातील विविध पाण्याची स्रोत धरणे यांची माहिती घेणे.

4) दुष्काळग्रस्त भागांसाठी पाण्यांच्या योजनांचा अभ्यास करणे उदाहरणार्थ टेंभू - म्हैसाळ योजना .

5) सिंचन क्षेत्रात ची वाढ करणे व विकास करणे यासंदर्भात सविस्तर अभ्यास करणे.

जलक्रांतीचे जनक - भाई गणपतरावजी देशमुख.

नेतृत्व हे प्रसंगापेक्षा परिस्थिती सापेक्ष असते .परिस्थिती बदलली काळ पालटला आणि पिढी बदलली की नेतृत्वाचे पार्टी फिरते मोठ्या नेत्यांच्या लोकप्रियता ओहोटी लागते .

पण नियमालाही काही अपवाद असतातच अर्ध्या शतकाहूनही अधिक काळ शेतकरी कामगार पक्ष यासारख्या विरोधी पक्षात राहून श्रमजीवी व कष्टकरी समाजाचे परिवर्तन करण्याचे ध्येय उराशी बाळगून सांगोला सारख्या दुष्काळी भागामध्ये तीन पिढ्यांचे नेतृत्व करणे सोपे नाही, पण माननीय गणपतराव देशमुख यांनी ही गोष्ट शक्य केली सतत 55 वर्ष त्यांची जनतेवर व जनतेची त्यांच्यावर असे प्रेम अबाधित राहिले आहे.गणपतराव देशमुख यांनी आपल्या सामाजिक कार्याची सुरुवात बुद्धेहाळ तालुका सांगोला तलावातील शेतकऱ्यांच्या 16 एकर जमीन आणि 250 घरे पाण्याखाली गेली होती, त्यांना न्याय मिळवून देताना केली. तोच त्यांच्या विश्वासू राजकारणाचा केंद्रबिंदू ठरला एक सच्चा नेता म्हणून 1962 मध्ये शेकाप च्या वतीने त्यांनी सांगोला तालुका विधानसभा निवडणूक लढवून जिंकली सुद्धा त्याविषयी ते परत स्वतः म्हणतात राजकारणात प्रवेशानंतर सुरुवातीपासून सरकारचा पैसा म्हणजे जनतेचा पैसा असतो ही त्यांची धारणा राहिली आहे. जनतेने राजकारण्यांना विश्वासाने निवडून दिले आहे त्यामुळे जनतेच्या पैशाची उधळपट्टी करणे चुकीच आहे असे ते नेहमी त्याच्या राजकीय आयुष्यामध्ये निकष पाळत आले आहेत हा समाजवादी व लोक हितार्थ दृष्टिकोन त्यांनी कायमस्वरूपी त्यांच्या व्यक्तिगत जीवनामध्ये अवलंबला आज शेतकऱ्यांच्या पोटी जन्माला आलेली माणसे राज्य कारभार करू लागले आहेत, पण शेतकरी पायाभूत सुविधा पासून खूपच दूर राहिला आहे. विधानसभेत शेतकरी आत्महत्या ,अपूर्ण सिंचन प्रकल्प, रोजगार हमी योजना ,वीजपुरवठा, निराधार योजना, दलित वस्ती सुधारणा योजना, महिला सक्षमीकरण, सुशिक्षित बेरोजगार आधी या विषयावर गांभीर्यपूर्वक आबासाहेब भाष्य करत असत.2014 ते 2019 या विधानसभेच्या कालखंडामध्ये महाराष्ट्राच्या विधानसभेतील सर्वात बुजुर्ग अनुभवी निष्कलंक चारित्र्यवान निस्वार्थी आणि आदरणीय असे लोकप्रतिनिधी राहिलेले आहेत .52 वर्षाहून अधिक काळ राजकारणात समाजकारणात राहूनही लोकशाही प्रणालीत पुरोगामी वैचारिक प्रगब्लेतेन जनतेचे प्रतिनिधित्व करून लोकशाहीची तत्वे तंतोतंत आचरणात आणणारे महाराष्ट्राच्या राजकारणात स्वतंत्र राजमुद्रा उमटवणारे सांगोलाचे एकमेव द्वितीय कार्यक्षम व विश्वविक्रमी आमदार म्हणजे गणपतराव देशमुख उर्फ आबासाहेब होय .हरी किशन सुरजीत यांच्या तोडीचा महाराष्ट्रातील नेता म्हणजे भाई गणपतराव देशमुख होय. राजकारणाचा ते एक आगळ वेगळं विद्यापीठ होतो. शब्दापेक्षा कृतीला अधिक महत्त्व देऊन पर्वताप्राय महान कार्य करूनही त्याचे श्रेय मात्र गणपतरावजी नेहमी पक्षाला व सामान्य कष्टकरी देत असत म्हणून राजा कांदळकर गणपतरावांना प्रस्थापित विरुद्ध नेता अँटीलिस्ट असे सार्थ संबोधतात, अशा महान नेत्यांचा जन्म अण्णासाहेब व कृष्णाबाई देशमुख या वारकरी संप्रदायाची परंपरा असणाऱ्या सुसंस्कृत दांपत्याच्या पोटी 10 ऑगस्ट 1927 रोजी नजीक पिंपरी तालुका मोहोळ जिल्हा सोलापूर येथे झाला.त्यांचे मूळ गाव पेनुर हे मोहोळ तालुक्यातच आहे. त्यांना विठाबाई रतनबाई तानुबाई जनाबाई रुक्मिणी व अनुसया अशा सख्ख्या सहा व दोन चुलत अशा आठ बहिणी होत्य. पाणी ही नैसर्गिक संपत्ती आहे तशी ती राष्ट्रीय संपत्ती आहे, पाणी जीवनाचा अनमोल आणि अविभाज्य घटक आहे .म्हणून या विषयाकडे डोळसपणे पाहायला हवी. याविषयी जागतिक जलतज्ञ माधवराव चितळे म्हणतात "गेल्या पाच दशकांमध्ये देशांतर्गत जागतिक पातळीवर अनेक बदल घडून आले आहेत, महाराष्ट्राची लोकसंख्या तिप्पटीने वाढली आहे पण तरीही याच काळात महाराष्ट्राचे जीवनमान आठ पटीने अधिक उंचावले आहे, निसर्गचक्रात उपलब्ध असणारे सरासरी पाणी मात्र तेवढेच आहे, त्यामुळे समाजाचे पाण्याची असलेले नाते खूप बदलले आहे, म्हणून पाण्याच्या संदर्भातील व्यवहाराची नवीन हितकारक व्यवस्था उदयाला आणणे अत्यंत महत्त्वाचे आहे. व्यक्तिगत व सामाजिक मनोधारणा प्रोत्साहित करणे आता आवश्यक आहे"कारण भारत हा कृषिप्रधान देश असून सुमारे 65 टक्के लोक हे शेतीवर अवलंबून आहेत. स्वातंत्र्यानंतरही शेती क्षेत्राला पाणी आणि वीज या पायाभूत सुविधा राज्यकर्ते देऊ शकले नाहीत हे वास्तव आहे निसर्गात मुबलक पाणी आहे ,की भावना सोडून निसर्गाच्या रचनेत पाण्याची जी मर्याद आहे यावर प्रत्येक प्रदेशाचा समतोल विकास साधण्यासाठी पाण्याचे संवर्धन आणि नियोजन काटेकरपणे केले पाहिजे, तरच दीर्घकालीन विकासाची उभारणी आपल्याला करता येईल .महाराष्ट्रात भौगोलिक दृष्ट्या प्रजन्य प्रजननाच्या दृष्टीने असमानतेचे प्रदेश आहेत. उदा.माणदेश

समुद्रसपाटीपासून उंचावर असल्याने या प्रदेशात सरासरी इतके पर्जन्यमान होत नाही, त्यामुळे तेथील लोकांना हजारो वर्षापासून दुष्काळाशी संघर्ष जीवन जगावे लागत आहे. तेरावा शतकातील दुर्गा देवीचे दुष्काळ, चौदाव्या शतकातील दामाजी पंतांचे दुष्काळ, सतरावे शतकातील छत्रपती शिवाजी महाराजांचे, संत तुकाराम महाराजांच्या कालखंडातील, 1876 - 1896 ब्रिटिश कालखंडातील दुष्काळाचा विचार करता पूर्णतः निसर्गावर अवलंबून असलेल्या भाग म्हणजे मान आटपाडी, सांगोला, मंगळवेढा,कवठेमंकाळ ,जत, खटाव हे तालुके पिढ्यान पिढ्या दुष्काळाचे केंद्रबिंदू आहेत, म्हणून ज्या प्रदेशात नैसर्गिक दृष्टीने पाणी उपलब्ध होत नाही, त्या प्रदेशाला विज्ञानाचा व विकसित झालेल्या तंत्रज्ञानाचा उपयोग करून दुष्काळाचे कायमस्वरूपी निर्मूलन करता येईल असा विचार दृष्टिकोन महाराष्ट्रात प्रथम सांगोलचे आमदार गणपतराव देशमुख यांनी ठेवून तत्कालीन खासदार क्रांतिसिंह नाना पाटील यांच्या अध्यक्षतेखाली 21 मे 1961 रोजी 101 बैलगाड्यातून पाणी जागृतीच्या मिरवणुका काढल्या. सांगोला येथेपाणी परिषद घेऊन सह्याद्रीच्या घाटमाथ्यावरून दुष्काळी भागाला पाणी आणण्याची योजना त्यांनी मांडली. कमालीचा त्याग आणि चिकाटी असल्याखेरीज कोणतीही कठीण कार्य साध्य होत नसते हे पूर्णपणे ओळखून कोणत्याही उदात्त दृष्टीने झपाटून जाणे हे जीवनाचे सार आहे ,हे ध्येय अंगी बाळगून दुष्काळी भागाचे परिवर्तन करण्याचे वृत्त त्यांनी दूरदृष्टी ठेवून घेतले, हे विशेष त्यांनी पाण्यासाठी केलेला संघर्ष व दुष्काळी भागाला आणलेले पाणी हे अनेक तपांचे फळ आहे .पुढे 13 ऑगस्ट 1977 तात्कालीन मुख्यमंत्री वसंतदादा पाटील यांच्या अध्यक्षतेखाली नागज जिल्हा सांगली येथे पाणी परिषदा आयोजित करून 1975 च्या कृष्णा पाणी तंटालावादाने महाराष्ट्राला दिलेल्या पाण्याच्या प्रश्नाला शासनाने अग्रक्रम देऊन सातारा ,सांगली, सोलापूर जिल्ह्यातील दुष्काळी तालुक्याला टेंभू - म्हैसाळ योजनेचे पाणी द्यावी ही मागणी करून हा क्रांतिकारी निर्णय घेण्यास भाग पाडले परंतु या प्रकल्पाचे अंमलबजावणी गतीने होत नाही, म्हणून कै.क्रांतिवीर नागनाथ अण्णा नायकवडे यांना सोबत घेऊन राजश्री शाहू महाराज यांचे जयंतीचे अच्युत साधून 26 जुलै 1993 रोजी तेरा दुष्काळी तालुक्यातील जनतेला संघटित करून आटपाडी येथे पाणी संघर्ष चळवळीचे रणशिंग भुकले. सातत्याने 21 पाणी परिषदा घेऊन चळवळीचा लढा आज तागायत ओव्यातपणे सुरू ठेवला आहे. जबाबदारीने आणि प्रामाणिकपणे काम करून हाच सन्मानाचा मार्ग आहे आंदोलनाला सुद्धा एक तर्कशास्त्र असते हे त्यांना जमले म्हणून 30 जुलै 1995 ची सांगोला पाणी परिषद, 26 ते 29 ऑक्टोबर 1998 तहसील समोरील धरणे आंदोलन, येथे सहा ते सात मार्च 2006 मुंबई येथे हे आंदोलन, नागपूर व सांगोला येथील वेळोवेळी मोर्चे , जन चळवळीच्या जोरावर शिरभावी व 81 गावाच्या पिण्याच्या पाणी योजना आणून प्रश्न सोडविला. टेंभू -म्हैसाळ, निरा उजवा कालवा या शेतीपूरक योजना आज पूर्णत्वास येत आहेत याचे सारे श्रेय शेतकरी कामगार पक्षाचे ज्येष्ठ नेते आणि सांगोला तालुक्याचे भाग्यविधाते भाई गणपतरावजी देशमुख यांनाच जात.

निष्कर्ष

शेतकरी कामगार पक्षाचे ज्येष्ठ नेते गणपतराव देशमुख यांचे महाराष्ट्राच्या जडणघडणीमध्ये फार मोठे योगदान आहे. भाई गणपतराव देशमुख यांनी सांगोला विधानसभा क्षेत्राचा सखोल अभ्यास करून कायमस्वरूपी दुष्काळ भाग हा शिक्का कसा मुजवता येईल यासाठी त्यांनी त्यांच्या उभ्या आयुष्यामध्ये मोठ्या प्रमाणामध्ये प्रयत्न केले. सांगोला तालुक्यासाठी सरकारच्या विविध योजना तयार करून त्याची अंमलबजावणी करण्याचे कार्य भाई गणपतराव देशमुख यांनी मोठ्या प्रमाणामध्ये केलं.सांगोला तालुक्याच्या दुष्काळा बरोबर विधानसभा क्षेत्रामध्ये कृषी उद्योग सूतगिरण्या सांगोला तालुक्यामध्ये डाळिंबासाठी मोठ्या प्रमाणामध्ये आवश्यक असणाऱ्या उपायोजना यासारखे काम त्यांनी केले .सांगोला तालुक्याचा पश्चिम भाग(कोळा) भागांमध्ये कायमस्वरूपी पाणी देण्याच्या उद्देशाने टेंभू सारखी योजना त्यांनी सांगोला मतदारसंघांमध्ये आणली. सरकार दरबारी या दुष्काळीग्रस्त भागाचे लोकप्रतिनिधित्व त्यांनी मोठ्या जमाने केले शेतीसाठी पाणी पुरवण्यासाठी योजना निर्माण करून त्याचे अंमलबजावणी केली पाहिजे त्यासाठी शासन दरबारी मोठ्या प्रमाणामध्ये प्रयत्न केले, याचे यश म्हणजे म्हैसाळ -

टेंभू सारखी योजना पाच नंबर फाट्याची योजना त्यांनी या तालुक्यामध्ये राबवलेल्या दिसून येतात.

संदर्भसूची

1 पाणीदार -डॉ. सुधीर भोंगळे.

2 कृष्णकाठ- यशवंतराव चव्हाण.

3 राजकारणातील मापदंड भाई गणपतराव देशमुख- डॉ.किसन माने.

4 ठाकूर किरण- संपा तरुण भारत(दिवाळी विशेषांक 2014) आम्ही विक्रमवीर पृ.क्रमांक 187.

5 माधवराव चितळे "पाणी आणि आपण" लोकराज्य ऑगस्ट 2011 पृ. क्रमांक 10.

6 ऍड. पृथ्वीराज चव्हाण "राजकारणातील शुभशक्ती" दैनिक तरुण भारत 10 ऑगस्ट 2011 पृ.क्रमांक 10.

International Journal of Advance and Applied Research
www.ijaar.co.in
ISSN – 2347-7075 Impact Factor – 7.328
Peer Reviewed Bi-Monthly
Vol.4 No.4 Jan – Feb 2023

भारत पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव

रघुबर प्रसाद सिंह[1] साध्वी सिंह[2]

[1]शोधार्थी, विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र विभाग, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

[2]छात्रा, विश्वविद्यालय समाजशास्त्र विभाग, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

***Corresponding Author*-रघुबर प्रसाद सिंह**

Email: rrajji4@gmail.com

DOI- 10.5281/zenodo.7648129

सारांशः-

जलवायु परिवर्तन आज दुनिया के सामने मौजूद प्रमुख पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक है। भारत अनेक समस्याओं का सामना कर रहा है। जलवायु परिवर्तन कृषि, जल संसाधनों, वनों और जैव विविधता, स्वास्थ्य, तटीय प्रबंधन और तापमान में वृद्धि पर विभिन्न प्रतिकूल प्रभावों से जुड़ा है। कृषि उत्पादकता में गिरावट भारत पर जलवायु परिवर्तन का मुख्य प्रभाव है। अधिकांश जनसंख्या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। जलवायु परिवर्तन पारिस्थितिक और सामाजिक आर्थिक प्रणालियों पर अतिरिक्त तनाव का प्रतिनिधित्व करेगा जो पहले से ही तेजी से औद्योगिकीकरण, शहरीकरण और आर्थिक विकास के कारण जबरदस्त दबाव में हैं। यह पत्र भारतीय संदर्भ में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और इसके विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण करता है।

मुख्य शब्दः- जलवायु, पर्यावरणीय, प्रतिनिधित्व, सामाजिक, आर्थिक।

परिचयः-

वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन जैसी ट्रेस गैसों का संचय मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन के जलने जैसी मानवजनित गतिविधियों के कारण होता है, ऐसा माना जाता है कि यह पृथ्वी की जलवायु प्रणाली को बदल रहा है। इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) ने अपनी चौथी मूल्यांकन रिपोर्ट में कहा कि "जलवायु प्रणाली का गर्म होना अब स्पष्ट है, जैसा कि अब वैश्विक औसत हवा और समुद्र के तापमान में वृद्धि, बर्फ और बर्फ के व्यापक पिघलने, और बढ़ते वैश्विक सील स्तर"। भारत के पास जलवायु परिवर्तन के बारे में चिंतित होने का एक कारण है, क्योंकि एक विशाल आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन जैसे जलवायु-संवेदनशील क्षेत्रों पर निर्भर करती है। वर्षा में गिरावट और तापमान में वृद्धि के रूप में जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभाव के परिणामस्वरूप देश में आजीविका के मुद्दों की गंभीरता में वृद्धि हुई है। जलवायु परिवर्तन पारिस्थितिक और सामाजिक आर्थिक प्रणालियों पर अतिरिक्त तनाव का प्रतिनिधित्व करेगा जो पहले से ही तेजी से औद्योगिकीकरण, शहरीकरण और आर्थिक विकास के कारण जबरदस्त दबाव में हैं।

जलवायु परिवर्तन मानवता के सामने सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक है, जिसका प्रभाव खाद्य उत्पादन, प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र, मीठे पानी की आपूर्ति, स्वास्थ्य आदि पर पड़ता है। नवीनतम वैज्ञानिक आकलन के अनुसार, पृथ्वी की जलवायु प्रणाली वैश्विक और क्षेत्रीय दोनों स्तरों पर स्पष्ट रूप से बदल गई है। पूर्व-औद्योगिक युग के बाद से। इसके अलावा, साक्ष्य से पता चलता है कि पिछले 50 वर्षों में देखी गई अधिकांश वार्मिंग (0.1 डिग्री सेल्सियस प्रति दशक) मानव गतिविधियों के लिए जिम्मेदार है।

जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल के अनुसार, वैश्विक औसत तापमान 2100 तक 1.4 से 5.8 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। इस अभूतपूर्व वृद्धि से वैश्विक जल विज्ञान प्रणाली, पारिस्थितिकी तंत्र, समुद्र स्तर, फसल उत्पादन और संबंधित पर गंभीर प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। प्रक्रियाओं। प्रभाव उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में विशेष रूप से गंभीर होगा, जिसमें मुख्य रूप से भारत सहित विकासशील देश शामिल हैं।

1992 में, रियो डी जनेरियो में पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीईडी) ने जलवायु परिवर्तन पर फ्रेमवर्क कन्वेंशन (एफसीसीसी) का नेतृत्व किया, जिसने सामान्य लेकिन विभेदित जिम्मेदारियों को पहचानते हुए वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों के अंतिम स्थिरीकरण के लिए रूपरेखा तैयार की। और संबंधित क्षमताएं, साथ ही साथ सामाजिक और आर्थिक स्थितियां।

कन्वेंशन 1994 में लागू हुआ। इसके बाद, 1997 क्योटो प्रोटोकॉल, जो 2005 में लागू हुआ, ने सतत विकास सिद्धांतों का पालन करते हुए वातावरण में ग्रीनहाउस गैस सांद्रता को स्थिर करने के महत्व पर जोर दिया। प्रोटोकॉल ने दिशानिर्देशों और नियमों को निर्धारित किया है कि किस हद तक एक भाग लेने वाले औद्योगिक देश को छह ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करना चाहिए: कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, क्लोरोफ्लोरोकार्बन, हाइड्रोफ्लोरोकार्बन और पेरफ्लोरोकार्बन।

भारत की जनगणना 2001 के अनुसार, भारत की शहरी आबादी 1.02 अरब की कुल जनसंख्या का 286 मिलियन या 27.80 प्रतिशत थी। 2012 तक यह आबादी बढ़कर 368 मिलियन होने का अनुमान है। शहरी आबादी 5,161 में रहती है। भारत में शहरों और कस्बों और गंभीर जल और स्वच्छता तनाव का सामना करना पड़ता है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की जल अर्थव्यवस्था इस बात की ओर इशारा करती है कि भारत तेजी से पानी से बाहर हो रहा है, और 2020 तक यह गंभीर तनाव में होगा। यह भी अनुमान लगाया गया है कि 2050 तक मांग आपूर्ति से अधिक हो जाएगी। तेजी से बढ़ते आर्थिक परिदृश्य में पानी की मांग बढ़ना तय है। वातावरण में लाखों टन कार्बन डाइऑक्साइड का निरंतर और बेरोकटोक उत्सर्जन, भले ही मुख्य रूप से कुछ देशों या क्षेत्रों से उत्पन्न हो, संभावित विनाशकारी परिणामों के साथ वैश्विक और स्थायी जलवायु परिवर्तन का कारण बन सकता है, जैसे कि समुद्री जल का बढ़ना और जलमग्न होना। कई द्वीपों और तटीय क्षेत्रों, और परिवेश के तापमान में वृद्धि के कारण फसल पैटर्न और कृषि उत्पादकता पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है।

भारत लगभग 700 मिलियन ग्रामीण निवासियों वाला एक बड़ा विकासशील देश है, जो सीधे तौर पर जलवायु-संवेदनशील क्षेत्रों और प्राकृतिक संसाधनों जैसे कि पानी, जैव विविधता, मैंग्रोव, तटीय क्षेत्रों और घास के मैदानों पर निर्भर करता है। इसके अलावा, शुष्क भूमि वाले किसानों, वनवासियों और खानाबदोश चरवाहों की अनुकूलन क्षमता बहुत कम है। प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण होने के बावजूद, क्योटो प्रोटोकॉल को अब व्यापक रूप से "विफलता" माना जाता है क्योंकि इसने न तो विश्व स्तर पर उत्सर्जन में कमी की पहल की है और न ही ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में और कटौती का वादा किया है। वैज्ञानिकों ने लंबे समय से चेतावनी दी है कि क्योटो प्रोटोकॉल का 100 प्रतिशत पालन भी जलवायु में परिवर्तन को सीमित करने के लिए बहुत कम करेगा, फिर भी इस नीति की विफलता को बनाने में विश्व स्तर पर लगभग 15 साल लग गए हैं। क्योटो प्रोटोकॉल में शमन पर लगभग अनन्य ध्यान विकासशील देशों के हितों के विरुद्ध कार्य करता है। जलवायु परिवर्तन के खतरे के लिए धनी औद्योगीकृत राष्ट्रों के अस्थिर उपभोग पैटर्न जिम्मेदार हैं; वैश्विक आबादी का केवल 25 प्रतिशत इन देशों में रहता है, लेकिन वे कुल वैश्विक सीओ2 उत्सर्जन का 70 प्रतिशत से अधिक उत्सर्जन करते हैं और दुनिया के कई अन्य संसाधनों का 75 से 80 प्रतिशत उपभोग करते हैं।

जलवायु परिवर्तन से भारत को चिंतित होना चाहिए क्योंकि इसका देश पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। जलवायु परिवर्तन के सभी संभावित परिणामों को अभी तक पूरी तरह से समझा नहीं गया है, लेकिन प्रभावों की मुख्य "श्रेणियां" कृषि पर हैं, समुद्र के स्तर में वृद्धि से तटीय क्षेत्रों का जलमग्न होना, और चरम घटनाओं की बढ़ती आवृत्ति, जो गंभीर खतरे पैदा करती हैं भारत। यह पेपर भारत पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, विशेष रूप से कृषि, जल, स्वास्थ्य, वन, समुद्र स्तर और जोखिम की घटनाओं पर विस्तार से चर्चा करता है।

भारत से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जनः-

पूर्व-औद्योगिक समय से वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की बढ़ती सांद्रता के कारण उत्पन्न होने वाला जलवायु परिवर्तन एक गंभीर वैश्विक पर्यावरणीय समस्या के रूप में उभरा है और मानव जाति के लिए खतरा और चुनौती बन गया है। जलवायु परिवर्तन को सतत विकास पथ में संभावित महत्वपूर्ण कारकों में से एक के रूप में तेजी से पहचाना जाता है, और एक उभरता हुआ अंतर्राष्ट्रीय साहित्य है जो पद्धति संबंधी मुद्दों और अध्ययनों के अनुभवजन्य परिणामों पर विचार करता है जो विभिन्न नीतिगत क्षेत्रों के बीच अंतर्संबंधों, व्यापार-नापसंद और सहक्रियाओं का पता लगाता है। भारत में मानवजनित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन सूची का अनुमान 1991 में एक सीमित पैमाने पर शुरू हुआ था, जिसे बढ़ाया और संशोधित किया गया था, और आधार वर्ष 1990 के लिए पहली निश्चित रिपोर्ट 1992 में प्रकाशित हुई थी (मित्रा, 1992)। यूएनएफसीसीसी (नैटकॉम 2004) द्वारा सभी ऊर्जा, औद्योगिक प्रक्रियाओं, कृषि गतिविधियों, भूमि उपयोग, भूमि उपयोग परिवर्तन, वानिकी और अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं से भारतीय उत्सर्जन की एक व्यापक सूची तैयार की गई है।

कृषि और खाद्य सुरक्षा

अत्यधिक जलवायु-संवेदनशील भारतीय कृषि, जिसका 65 प्रतिशत हिस्सा वर्षा आधारित क्षेत्रों में है, सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 25 प्रतिशत योगदान देता है, कुल कार्यबल का 65 प्रतिशत कार्यरत है, और संबद्ध गतिविधियों

(जीओआई, 2002) के साथ कुल निर्यात का 13.3 प्रतिशत हिस्सा है। कई अध्ययनों का अनुमान है कि राष्ट्रीय खाद्यान्न उत्पादन में पर्याप्त वृद्धि के बावजूद, जलवायु परिवर्तन के साथ कुछ महत्वपूर्ण फसलों जैसे चावल और गेहूं की उत्पादकता में काफी गिरावट आ सकती है। भारतीय कृषि की जलवायु संवेदनशीलता पर क्रॉस-सेक्शनल डेटा का विश्लेषण किया है। क्षेत्र-स्तरीय विश्लेषण से पता चला है कि अधिकांश किसान "जलवायु परिवर्तन" शब्द से परिचित हैं, लेकिन उनकी समझ अक्सर अन्य घटनाओं के साथ ओवरलैप हो जाती है। 1980 के दशक के मध्य से 1990 के दशक के अंत तक की अवधि के दौरान उल्लेखनीय रूप से उच्च प्रभाव दर्ज किए गए। अध्ययन के निष्कर्ष भारत में समान अवधि में कृषि उत्पादकता को कमजोर करने के बढ़ते साक्ष्य की पुष्टि करते हैं। भारत-विशिष्ट जलवायु अनुमानों का उपयोग करके अनुमानित प्रभावों से पता चलता है कि 1971-1985 की अवधि के दौरान प्रभावों में गिरावट आई और फिर से वृद्धि हुई, संभवतः इस अवधि के दौरान भारतीय कृषि की बेहतर लचीलापन और जलवायु प्रक्षेपण में क्षेत्रीय भिन्नता के कारण भी।

जल संसाधन :-

भारत के समृद्ध जल संसाधन असमान रूप से वितरित हैं और इसके परिणामस्वरूप स्थानिक और अस्थायी कमी होती है। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ती कृषि और तेजी से हो रहे औद्योगीकरण के कारण पिछले कुछ वर्षों में पानी की मांग में जबरदस्त वृद्धि हुई है, जो जल संसाधनों की मात्रा और गुणवत्ता में काफी असंतुलन के लिए जिम्मेदार हैं। जल संसाधन मंत्रालय के अनुसार, भारत में प्रति व्यक्ति उपलब्ध पानी की मात्रा 1951 में 3,450 सेमी से लगातार घटकर 1999 में 1,250 सेमी हो गई, और 2050 में प्रति व्यक्ति 760 सेमी तक और घटने की उम्मीद है। कम वर्षा और अधिक वाष्पीकरण के कम अपवाह, वाटरशेड में ताजे पानी की उपलब्धता में काफी बदलाव, मिट्टी की नमी में गिरावट और जल विज्ञान क्षेत्रों के शुष्कता स्तर में वृद्धि के गंभीर परिणाम होंगे। वर्ष 2050 तक, ब्रह्मपुत्र नदी में औसत वार्षिक प्रवाह में 14 प्रतिशत की कमी आएगी। यदि वर्तमान वार्मिंग दर को बनाए रखा जाता है, तो हिमालय के ग्लेशियर बहुत तेजी से क्षय हो सकते हैं, जो कि 2030 तक वर्तमान 5,00,000 वर्ग किमी से 1,00,000 वर्ग किमी तक सिकुड़ सकते हैं। भारत की ऊर्जा जरूरतों के आंशिक समाधान के रूप में हिमालयी जलविद्युत पर विचार करते समय यह भी चिंता का कारण है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन नियोजित विशाल निवेशों की प्रभावशीलता को तेजी से कम करेगा।

जंगल :-

वैश्विक आकलन से पता चला है कि भविष्य में जलवायु परिवर्तन का वन पारिस्थितिकी प्रणालियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना है। जलवायु संभवतः विश्व स्तर पर वनस्पति पैटर्न का सबसे महत्वपूर्ण निर्धारक है और इसका वनों के वितरण, संरचना और पारिस्थितिकी पर महत्वपूर्ण प्रभाव है। भारत एक विशाल-जैव विविधता वाला देश है जहाँ भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 20 प्रतिशत (64 मिलियन हेक्टेयर) वन हैं (राज्य वन रिपोर्ट, 2001)। लगभग 200,000 गाँवों को "वन गाँवों" के रूप में वर्गीकृत किया गया है, यह स्पष्ट है कि समुदाय वन संसाधनों पर बहुत अधिक निर्भर हैं। भारत में वन प्रकृति में बेहद विविध और विषम हैं, और उन्हें कुछ श्रेणियों में वर्गीकृत करना मुश्किल है। नतीजतन, अखिल भारतीय "विविध वन" श्रेणी (बिना किसी प्रमुख प्रजाति के) उच्चतम (63 प्रतिशत) अनुपात दिखाती है। विविध वन क्षेत्र सभी प्रकार के वनों के अंतर्गत आता है। अन्य दो सबसे प्रमुख वन मध्य भारत के पूर्वी हिस्से में शोरिया रोबस्टा या साल (12 प्रतिशत) और मध्य भारत और दक्षिण भारत में पश्चिमी घाटों में फैले टेक्टन ग्रैंडिस या सागौन (9.5 प्रतिशत) हैं।

वन पर जलवायु परिवर्तन का प्रभावः-

वर्तमान जलवायु शासन के तहत और भविष्य के दो जलवायु परिदृश्यों के तहत प्रत्येक वन प्रकार में होने वाले क्षेत्र की सीमा की तुलना से पता चलता है कि प्रत्येक प्रकार के वन में होने वाले परिवर्तनों की भयावहता का पता चलता है। सीआरयू3 10-मिनट जलवायु विज्ञान का उपयोग करते हुए, बायोम42 मॉडल भारतीय क्षेत्र में स्थित कुल 10,864 ग्रिड बिंदुओं के लिए चलाया गया था। मृदा पैरामीटर मूल्यों से संबंधित डेटा में अंतराल के कारण, मॉडल इन ग्रिड बिंदुओं में से केवल 10,429 को वनस्पति प्रकार प्रदान कर सकता है। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, एफएसआई डेटाबेस के साथ तुलना ने हमें 35,190 एफएसआई ग्रिड से जानकारी का उपयोग करने की अनुमति दी। बायोम4 द्वारा अनुमानित वन प्रकारों और एफएसआई द्वारा निर्दिष्ट वन प्रकारों के बीच एक उचित मेल था। इस प्रकार, उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन दक्षिणी पश्चिमी घाटों और पूर्वोत्तर क्षेत्र में देखे गए, जबकि समशीतोष्ण वन फ़िर, स्प्रूस और देवदार के जंगलों के अनुरूप क्षेत्रों में पाए गए।

समुद्र तल से वृद्धि :-

समुद्र के स्तर में वृद्धि और तापमान में वृद्धि से तटीय पारिस्थितिक तंत्र प्रभावित होंगे। भारी आबादी वाले मेगाडेल्टा क्षेत्र, विशेष रूप से, बाढ़ में वृद्धि के कारण सबसे बड़ा जोखिम होगा। गोदावरी, सिंधु, महानदी और कृष्णा तटीय डेल्टाओं में परिवर्तन संभावित रूप से लाखों लोगों को

विस्थापित करेगा। अनुमानित समुद्र स्तर में वृद्धि जलीय कृषि उद्योगों को नुकसान पहुंचा सकती है और मछली उत्पादकता में गिरावट को बढ़ा सकती है। तटीय लहरों और चक्रों की बढ़ती आवृत्ति और तीव्रता के कारण उच्च जोखिम भी होंगे (भारत सरकार, 2005)।

अगर आज समुद्र के स्तर में एक मीटर की वृद्धि होती है, तो यह भारत में 70 लाख लोगों को विस्थापित कर देगा। भविष्य में और भी लोग विस्थापित हो सकते हैं। बांग्लादेश में लगभग 35 प्रतिशत भूमि एक मीटर की वृद्धि से जलमग्न हो जाएगी। संयुक्त राज्य अमेरिका में असुरक्षित समुद्र-स्तर वृद्धि क्षेत्रों के साथ दीवारों के निर्माण पर 1989 की कीमतों पर 107 बिलियन खर्च होने का अनुमान है। यह विकसित देशों के सकल घरेलू उत्पाद का एक छोटा सा हिस्सा हो सकता है, लेकिन इस तरह के उपायों, यहां तक कि बांग्लादेश के रूप में उनके समुद्र तटों के लिए स्केलिंग के लिए, इसके सकल घरेलू उत्पाद के एक बहुत बड़े हिस्से की आवश्यकता हो सकती है। ऐसी दीवार के लिए बांग्लादेश या भारत को भुगतान कौन करेगा? यह देखते हुए कि इन देशों के सुरक्षात्मक उपायों के लिए भुगतान करने में सक्षम होने की संभावना नहीं है, लाखों लोग बांग्लादेश में विस्थापित हो जाएंगे, और उनमें से कई भारत में फैल सकते हैं। समुद्र तल परिवर्तन दो प्रकार के हो सकते हैं: (1) माध्य समुद्र स्तर में परिवर्तन, और (2) चरम समुद्र स्तर में परिवर्तन। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न बंदरगाहों पर स्थित ज्वार गेज द्वारा रिकॉर्ड किए गए पिछले समुद्र स्तर के माप का विश्लेषण, पिछली सदी के दौरान प्रति वर्ष 1 से 2 मिमी की औसत समुद्र स्तर की वृद्धि का संकेत देता है। इन परिवर्तनों को आमतौर पर ग्लोबल वार्मिंग के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। ग्लोबल वार्मिंग के विभिन्न परिणाम, जैसे समुद्री बर्फ का पिघलना और समुद्र में तापमान में वृद्धि के कारण आयतन का विस्तार आदि, वैश्विक समुद्र-स्तर में वृद्धि में योगदान कर सकते हैं।

स्वास्थ्य :-

लाखों लोगों के स्वास्थ्य की स्थिति प्रभावित होने का अनुमान है, उदाहरण के लिए, कुपोषण में वृद्धि, मौतों में वृद्धि, बीमारियाँ, और चरम मौसम की घटनाओं के कारण चोटें; अतिसार रोगों का बोझ बढ़ा; जलवायु परिवर्तन से संबंधित शहरी क्षेत्रों में ग्राउंड-लेवल ओजोन की उच्च सांद्रता के कारण कार्डियोरेस्पिरेटरी रोगों की आवृत्ति में वृद्धि; और कुछ संक्रामक रोगों का परिवर्तित स्थानिक वितरण। अपनी तीसरी आकलन रिपोर्ट में, संयुक्त राष्ट्र आईपीसीसी ने निष्कर्ष निकाला कि "जलवायु परिवर्तन मानव स्वास्थ्य के लिए खतरों को बढ़ाने का अनुमान है।" जलवायु परिवर्तन मानव स्वास्थ्य को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर सकता है (जैसे, थर्मल तनाव के प्रभाव, बाढ़ और तूफान में मृत्यु या चोट), और अप्रत्यक्ष रूप से रोग वैक्टर (जैसे, मच्छरों), जलजनित रोगजनकों, जल गुणवत्ता, वायु गुणवत्ता, और की श्रेणियों में परिवर्तन के माध्यम से। भोजन की उपलब्धता और गुणवत्ता। इसलिए, वैश्विक जलवायु परिवर्तन मानव स्वास्थ्य की रक्षा के लिए चल रहे प्रयासों के लिए एक नई चुनौती है।

तापमान में वृद्धि :-

